प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 20.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भावनगर में 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम में 34 हजार 200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में 7 हजार 800 करोड़ रुपये से अधिक की प्रमुख समुद्री परियोजनाएँ शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने बंदरगाह और जहाजरानी मंत्रालय के 66 हजार करोड़ रुपये के 21 समझौता ज्ञापनों का भी वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। इस अवसर पर बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हो गई है और देश में रिकॉर्ड कार्गो हैंडलिंग और जलमार्ग विकास हुआ है। इससे पहले, भावनगर पहुँचने पर, प्रधानमंत्री ने हवाई अड्डे से जवाहर मैदान तक एक विशाल रोड शो किया, जहाँ लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज बांसवाडा पंहुचे। श्री शर्मा शहरी सेवा शिविर का अवलोकन करेंगे। इसके साथ ही निक्षय पोषण किट वितरण कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री नापला में न्यूक्लियर पावर प्लांट का भी दौरा करेंगे। श्री शर्मा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 सितम्बर को बांसवाडा में होने वाली सभा के मद्देनजर अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री कुशलबाग मैदान में जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा और वन मंत्री संजय शर्मा ने आज अलवर में शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 की प्रथम किस्त के चेक वितरित किए। उधर जैसलमेर के मोहनगढ़ की बाकलसर ग्राम पंचायत में लगे ग्रामीण सेवा शिविर में उत्सव सा माहौल देखने को मिल रहा है। सुबह से ही किसानों की भीड शिविर में उमड रही है। इस दौरान 100 से अधिक किसानों को बीज मिनी किट वितरित किए गए।

गृह मंत्री अमित शाह का कल जोधपुर दौरे का कार्यक्रम है। अपने एक दिवसीय प्रवास में श्री शाह जोधपुर में बनने वाले नेत्रहीन महाविद्यालय के शिलान्यास समारोह में भाग लेंगे। ये महाविद्यालय रामराज नगर में बनाया जायेगा। वहीं केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी आज जोधपुर पंहुचेंगे। उनका काजरी के वैज्ञानिकों के साथ बैठक का कार्यक्रम हैं।

जयपुर सेंट्रल जेल से आज तडके दो कैदी फरार हो गए। इन्होंने पानी के पाइप के जरिये जेल से बाहर आने की घटना को अंजाम दिया। सूचना मिलते ही इन कैदियों की तलाश में जयपुर पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं। इसके अलावा शहर में नाकाबंदी भी की गई है। ये दोनों कैदी चोरी के मामले में जेल में सजा काट रहे थे।

जोधपुर में कल राष्ट्रीय लोकनृत्य समारोह सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में देशभर के विभिन्न राज्यों से आये लोककलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समा बांधा। सम्राट अशोक उद्यान के ओपन एयर थियेटर में आयोजित इस कार्यक्रम में मांड गायन घिसियारी नृत्य, फाग, कच्छी घोडी और तेराताली नृत्य प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से स्वच्छ भारत का भी संदेश दिया।

पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में बीते 24 घंटों में हल्की से मध्यम बरसात दर्ज की गई। वहीं कहीं–कहीं भारी बारिश भी रिकॉर्ड हुई। भीलवाडा के बिजोलिया और मांडलगढ, सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा और बूंदी के नैनवा में मूसलाधार बारिश हुई। टोंक, अजमेर, चित्तौडगढ, और कोटा से भी अच्छी बारिश के समाचार है। हालांकि पश्चिमी राजस्थान में मौसम शुष्क रहा। मौसम विभाग के अनुसार उदयपुर, कोटा, भरतपुर और जयपुर संभाग के कई जिलों में तेज बारिश रिकॉर्ड हुई। विभाग ने अगले दो दिनों

में बांसवाडा, डूंगरपुर, बारां, चित्तौडगढ, झालावाड, कोटा, प्रतापगढ, सलूम्बर तथा उदयपुर जिलों में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इस बीच पश्चिमी हवाओं के असर से कुछ स्थानों पर दिन के तापमान में बढोतरी हुई है। चूरू में कल सबसे अधिक तापमान 39 दशमलव 1 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने भरतपुर जिले में नदबई के तहसीलदार को 80 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी ने आरोपी तहसीलदार के सरकारी निवास पर यह कार्रवाई की। आरोपी ने नामांन्तरण करने की एवज में ये राशि मांगी थी।

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से बाडमेर में जालीपा सैनिक छावनी में एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान बीएसएफ जवानों को एड्स के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही इससे जुडी भ्रंतियों को दूर करने के बारे में जानकारी दी गई।